दैनिक भास्कर
बीकानेर 13-07-2024

भास्कर खास • अंग्रेजी माध्यम स्कूलों के रिक्त पदों पर ऑनलाइन आवेदन 15 से 22 जुलाई की रात तक कर सकेंगे अभ्यर्थी

100 अंकों की लिखित परीक्षा से होगा चयन, संबंधित जिले के शिक्षक को मिलेंगे 10% बोनस अंक, 40% अंक वाले होंगे पात्र

एजुकेशन रिपोर्टर | बीकानेर

नया शिक्षा सत्र शुरू होने के साथ ही शिक्षा विभाग ने राज्य के 3737 महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल और 134 विवेकानंद मॉडल इंग्लिश मीडियम स्कूलों में शिक्षकों के रिक्त पदों को भरने की तैयारी शुरू कर दी है। इंग्लिश मीडियम स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को क्वालिटी एजुकेशन मिले इसके लिए शिक्षा विभाग पिछली बार की तरह इस बार भी लिखित परीक्षा आयोजित करेगा। इन स्कूलों में लगने के लिए शिक्षा विभाग में कार्यरत प्रिंसिपल से लेकर तृतीय श्रेणी शिक्षक आवेदन कर सकेंगे। शाला दर्पण पोर्टल पर स्टाफ लॉगिन के जरिए शिक्षक 15 जुलाई से 22 जुलाई रात 12 बजे तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। लिखित परीक्षा 100 अंकों की होगी। जिसमें पात्रता के लिए न्यूनतम 40% अंक लाना अनिवार्य होगा। वर्तमान जिले में कार्यरत शिक्षक की ओर से उसी जिले के इंग्लिश मीडियम स्कूल का विकल्प भरने पर उसे 10% अतिरिक्त बोनस अंक दिए जाएंगे। लिखित परीक्षा में चयनित कार्मिकों का स्कूलों में पदस्थापन ऑनलाइन काउंसलिंग के जरिए किया जाएगा। स्कूलवार रिक्त पदों की सूचना काउंसलिंग से पहले प्रकाशित की जाएगी। संबंधित शिक्षक को अपने मूल पद और विषय के अनुसार ही आवेदन करना होगा।

तृतीय श्रेणी शिक्षक पांच जिलों का दे सकेंगे विकल्प

ऑनलाइन आवेदन में तृतीय श्रेणी शिक्षक कैडर के कार्मिक अधिकतम पांच जिलों का विकल्प भर सकेंगे। वहीं वरिष्ठ अध्यापक एक मंडल के समस्त जिलों का विकल्प दे सकेंगे। प्रिंसिपल और व्याख्याता न्यूनतम एक और अधिकतम राज्य के 50 जिलों का विकल्प दे सकेंगे। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि जिस आवेदक ने किसी भी जिले का विकल्प नहीं भरा है उसके आवेदन को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

अंग्रेजी स्कूलों में पहले से चयनित शिक्षक नहीं होंगे आवेदन के पात्र : राजकीय अंग्रेजी माध्यमिक स्कूलों में पहले से चयनित शिक्षक आवेदन के पात्र नहीं होंगे। वही नॉन टीएसपी क्षेत्र के शिक्षक नॉन टीएसपी और टीएसपी क्षेत्र के शिक्षक टीएसपी क्षेत्र में ही आवेदन कर सकेंगे। चयनित कार्मिकों को रिक्त पदों पर ही पदस्थापन दिया जाएगा।

पोस्टिंग स्थल से संबंधित जिले में ही होगी परीक्षा : ऑनलाइन आवेदन करने वाले शिक्षकों की परीक्षा पदस्थापन स्थान से संबंधित जिले में ही होगी। परीक्षा केंद्र से संबंधित सूचना अलग से जारी की जाएगी। यह परीक्षा प्रिंसिपल सहित व्याख्याता, वरिष्ठ अध्यापक, लेवल वन व लेवल सेकंड सहित पुस्तकालयाध्यक्ष, प्रयोगशाला सहायक, पीटीआई, कंप्यूटर टीचर आदि पदों के लिए होगी।

लिखित परीक्षा में होगी नेगेटिव मार्किंग, इंटरव्यू नहीं

पिछली बार की तरह इस बार भी इंग्लिश मीडियम स्कूलों में पदस्थापन के लिए होने वाली लिखित परीक्षा में नेगेटिव मार्किंग का प्रावधान रखा गया है। प्रत्येक गलत उत्तर अथवा एक से अधिक उत्तर के 1/4 अंक काटे जाएंगे। इस बार चयन केवल लिखित परीक्षा के आधार पर योगा इंटरव्यू का प्रावधान नहीं रखा गया है।

राज्य के अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में पदस्थापन के लिए लिखित परीक्षा होगी। लिखित परीक्षा में शामिल होने के लिए शिक्षक 15 जुलाई से 22 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।
आशीष मोदी, निदेशक, माध्यमिक शिक्षा